भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 24 | बिजौलिया - सोमवार,24 अगस्त,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## राजस्थान-जापान रिश्तों को नई उड़ान, रत्न-आभूषण उद्योग में निवेश का रोडमैप तैयार





**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राजस्थान और जापान के बीच वर्षों पुराने कारोबारी रिश्तों को नई ऊंचाई देने की दिशा में राज्य सरकार ने कदम बढ़ाए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार जापान के साथ रत्न-आभूषण सहित विभिन्न उद्योगों के विकास के लिए विशेष रोडमैप बनाकर काम कर रही है। जापानी कंपनियों के लिए राज्य में अनुकूल आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जापानी जोन भी विकसित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने रविवार को जापान के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में निवेश और औद्योगिक सहयोग पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जयपुर ज्वैलरी एसोसिएशन और यामानाशी ज्वैलरी एसोसिएशन तकनीक, निवेश और कारोबारी साझेदारी के माध्यम से रत्न-आभूषण उद्योग को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। इससे राजस्थान में व्यापार बढ़ने के साथ रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

**जापानी निवेशकों को राजस्थान में निवेश का न्योता**

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2024 के अपने जापान दौरे का उल्लेख करते हुए कहा कि उस दौरान जापानी कंपनियों ने राजस्थान में निवेश से तीन से चार गुना लाभ होने की बात कही थी। उन्होंने जापानी निवेशकों से राजस्थान में उद्योग स्थापित करने का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य सरकार निवेशकों को हरसंभव सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

**राजस्थान में काम कर रहीं 180 जापानी कंपनियां**

जापान के कोफू सिटी के मेयर युइची हिगुची ने राजस्थान सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों और यहां उपलब्ध अवसरों की सराहना की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जापान की करीब 180 कंपनियां राजस्थान में कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि जयपुर और कोफू सिटी के ज्वैलर्स मिलकर वैश्विक स्तर पर ज्वैलरी कारोबार को आगे बढ़ा रहे हैं। जयपुर की करीब 60 कंपनियां कोफू सिटी में ज्वैलरी कारोबार कर रही हैं।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और जापानी प्रतिनिधिमंडल ने एक-दूसरे का 'राधे-राधे' कहकर अभिवादन किया। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा सहित जयपुर ज्वैलरी एसोसिएशन, यामानाशी ज्वैलरी एसोसिएशन, कोफू सिटी प्रशासन, बैंकिंग एवं उद्योग जगत के वरिष्ठ प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## नशे के सौदागरों पर ANTF का शिकंजा, 6.309 किलो गांजा बरामद

**मोटरसाइकिल जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार; अंधेरे का फायदा उठाकर दो साथी फरार**



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**पुनित चपलोत**

जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (ANTF) की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में ANTF टीम ने बीगोद थाना क्षेत्र के हरिसिंहजी का खेड़ा में कार्रवाई करते हुए 6 किलो 309 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। टीम ने तस्करी में प्रयुक्त एक स्पलेंडर मोटरसाइकिल जब्त कर मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि उसके दो साथी रात के अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों और जंगल की ओर भागने में सफल रहे।

ANTF महानिरीक्षक पुलिस शरत कविराज ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एमएन के मार्गदर्शन और निर्देशन में नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

जानकारी के अनुसार ANTF टीम को सूचना मिली थी कि हरिसिंहजी का खेड़ा गांव में एक स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल पर तीन संदिग्ध व्यक्ति घूम रहे हैं और उनके पास मादक पदार्थ हो सकता है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची तो एक मोटरसाइकिल खड़ी दिखाई दी। टीम के पहुंचते ही एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर मिला, जबकि उसके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों और जंगल की तरफ भाग गए।

इसके बाद टीम ने बीगोद थाना पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस ने मोटरसाइकिल की पीछे वाली सीट पर रखे पीले रंग के प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली तो उसमें 6 किलो 309 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा और मोटरसाइकिल जब्त कर मौके से राजू पुत्र देवकिशन, जाति सुथार, उम्र 27 वर्ष, निवासी पुराने थाने के पास काछोला, थाना काछोला, जिला भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया।

कार्रवाई में ANTF टीम के साथ पुलिस थाना बीगोद की विशेष भूमिका रही। फरार दोनों आरोपियों की तलाश के साथ मामले में आगे की जांच जारी है।

## त्योहारों पर सुरक्षा में चूक नहीं, विवाद की सूचना पर IG-SP तुरंत मौके पर पहुंचें

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ली सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक, बारावफात, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश**

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए राजस्थान सरकार ने प्रदेश में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा प्रभावी कार्ययोजना के साथ काम करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि कहीं विवाद अथवा किसी अन्य घटना से माहौल प्रभावित होने की सूचना मिले तो संबंधित पुलिस महानिरीक्षक (IG) और पुलिस अधीक्षक (SP) तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लें। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्थिति में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

### जनसहभागिता से मजबूत होगी सुरक्षा व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में बारावफात, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी जैसे प्रमुख त्योहार एवं पर्व हैं। इन अवसरों पर बड़ी संख्या में लोग धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में शामिल होंगे। ऐसे में पुलिस एवं प्रशासन आमजन के साथ प्रभावी समन्वय बनाए रखें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि



जनसहभागिता बढ़ाई जाए और आमजन से मिलने वाली छोटी-बड़ी सूचनाओं को गंभीरता से लेकर समय पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर पहले से तैयारी करने पर भी जोर दिया गया।

### यातायात व्यवस्था पर भी विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने त्योहारों के दौरान बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था के लिए भी प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों, जुलूसों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात संचालन व्यवस्थित रहे और आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक में पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) भास्कर ए. सावंत सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

## डोडा चूरा तस्करी मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मंगरोप थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा के परिवहन के मामले में वांछित आरोपी शोभालाल जाट उर्फ शोभू को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर मादक पदार्थ के प्राप्तकर्ता और तस्करी के दौरान एस्कोर्ट करने का आरोप है।

पुलिस ने बताया की 24 जून को पुलिस थाना बडलियास की टीम ने नाकाबंदी के दौरान हर्षित पारीक निवासी नन्दराय और आर्यन चावरिया निवासी मानपुरा को डिटेन किया था। उनके कब्जे से आई-20 कार नंबर में दो प्लास्टिक कट्टों से कुल 27.228 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया गया था। मामले में थाना बडलियास पर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

अनुसंधान के दौरान डोडा चूरा का प्राप्तकर्ता एवं तस्करी के दौरान एस्कोर्ट करने वाला आरोपी शोभालाल उर्फ शोभू पुत्र रामेश्वर लाल जाट, उम्र 25 वर्ष, निवासी बन का खेड़ा, थाना बडलियास, जिला भीलवाड़ा सामने आया। पुलिस ने आरोपी की तलाश के बाद उसे 22 अगस्त को डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस टीम में थाना मंगरोप के थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह राठौड़, कांस्टेबल लेखराज, अशोक कुमार और दिलीप शामिल रहे।

## किशन निवास चौराहे पर कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**काम खत्म कर घर लौट रहा था युवक, पीछे से मारी टक्कर; कंटेनर छोड़कर चालक फरार**

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**





राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर किशन निवास चौराहे के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। दानपुरा खदान से काम खत्म कर बिजौलिया स्थित घर लौट रहे युवक की बाइक को पीछे से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

मृतक के ससुर जमनालाल ने बताया कि देवी लाल मीणा पुत्र रंगलाल मीणा निवासी ओना, थाना शक्करगढ़ शनिवार रात दानपुरा खदान में काम खत्म करने के बाद बाइक से बिजौलिया स्थित अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान किशन निवास चौराहे के पास पीछे से आ रहे कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार देवी लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस की सहायता से उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कंटेनर को जब्त कर लिया है। पुलिस फरार चालक की तलाश के साथ ही हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

युवक की मौत की सूचना मिलने के बाद परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया। रविवार सुबह परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक पिछले करीब आठ माह से बिजौलिया क्षेत्र में काम कर रहा था। मृतक के परिवार में दो छोटे बेटे और एक बेटी हैं। हादसे के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर कंटेनर को कब्जे में लिया है तथा फरार चालक की तलाश की जा रही है। हादसे में वाहन की गति, टक्कर के कारण और चालक की भूमिका सहित अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।



# 1111 कलश और 751 कावड़ियों ने किया गेलेश्वर महादेव का जलाभिषेक



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**(पुनित चपलोत)** हाथीभाटा आश्रम के महंत संत दास जी महाराज के सानिध्य में विशाल कावड़ एवं कलश यात्रा निकाली गई। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश सोशल मीडिया सह-संयोजक रामपाल चौधरी के नेतृत्व में आयोजित यात्रा में 1111 कलशधारी महिलाओं और 751 कावड़ियों ने भाग लिया।

यात्रा हाथीभाटा आश्रम से रवाना होकर 12 गांवों के शिवालयों में गंगाजल से अभिषेक करते हुए पांसल स्थित गेलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। यहां भगवान शिव का जलाभिषेक एवं महाआरती की गई और श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। यात्रा मार्ग में विभिन्न समाजों की ओर से श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। कई स्थानों पर पुष्पवर्षा और जलपान की व्यवस्था की गई। हाथीभाटा आश्रम में बर्फ से तैयार बाबा बर्फानी का श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। ऊंट सवारी और कच्ची घोड़ी नृत्य की प्रस्तुतियां भी हुईं।

कार्यक्रम में मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

# विधायक कोठारी ने 33 माह का रिपोर्ट कार्ड रखा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



**(पुनित चपलोत)** हरी शेवा धाम में संतों के सानिध्य में कार्यकर्ता स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान शहर विधायक अशोक कोठारी ने अपने 33 माह के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया और विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। कोठारी ने कहा कि जनसेवा ही उनका ध्येय है तथा राजनीति में व्यक्तित्व, सेवा भावना और निष्ठा महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से शहर के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

विधायक के अनुसार भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 1,380.45 करोड़ रुपए की घोषित एवं प्रस्तावित परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें 426.90 करोड़ रुपए के कार्य प्रगति पर और 953.55 करोड़ रुपए के कार्य प्रस्तावित बताए गए। अमृत-2 योजना में 195.95 करोड़ रुपए के प्रावधान का भी उल्लेख किया। रिपोर्ट में झीलों एवं पार्कों के सौंदर्यीकरण, एलिवेटेड रोड, आरयूबी, स्मार्ट पार्किंग, ड्रेनेज प्लान, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल सुविधाओं से जुड़े कार्यों की जानकारी दी गई। विधायक ने विधानसभा के छह सत्रों में 100 प्रतिशत उपस्थिति और 335 प्रश्न पूछने की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम में संत प्रकाशदास महाराज, महंत संतदास महाराज सहित कई संत मौजूद रहे। जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। अंत में संतों ने विधायक का बहुमान किया।

# तेली समाज को निकाय चुनाव में राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने की मांग



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर राजस्थान प्रांतीय तैलिक साहू महासभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में तेली समाज के राजनीतिक प्रतिनिधित्व और निकाय चुनाव में समाज की भागीदारी को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद महासभा पदाधिकारियों ने सांसद दामोदर अग्रवाल को मांग पत्र सौंपकर योग्य एवं सक्रिय समाजजनों को चुनाव में प्रतिनिधित्व देने की मांग की।

महासभा पदाधिकारियों ने कहा कि भीलवाड़ा नगर निगम के 70 वार्डों में होने वाले चुनाव में समाज की सामाजिक भागीदारी और सक्रियता को देखते हुए राजनीतिक प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। राजनीतिक दलों से योग्य, शिक्षित, सक्रिय तथा जनसेवा से जुड़े समाजजनों को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की गई।

बैठक में समाज की चुनावी भूमिका को लेकर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के योग्य प्रतिनिधि चुनाव मैदान में उतरते हैं तो उन्हें समर्थन देने के लिए महासभा स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। निकाय बोर्ड में समाज के प्रतिनिधियों की भागीदारी से समाज से जुड़े विषयों और स्थानीय जनहित के मुद्दों को उचित मंच पर रखने में मदद मिलने की बात कही गई।

महासभा के विधि प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी एडवोकेट कुशल साहू ने कहा कि समाज को योग्य प्रत्याशियों के पक्ष में संगठित होकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि निकाय में समाज के प्रतिनिधि पहुंचने से समाज से जुड़े विषयों के साथ जनहित के मुद्दों को शासन-प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में मदद मिलेगी।

बैठक के बाद महासभा पदाधिकारियों ने सांसद दामोदर अग्रवाल को मांग पत्र सौंपा। इसमें निकाय चुनाव में तेली समाज को पर्याप्त राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने तथा योग्य समाजजनों को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग रखी गई। इस दौरान प्रांतीय महासभा के राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष देवराज तेली, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी एडवोकेट कुशल साहू, जिलाध्यक्ष कैलाश आसरवा, युवा जिलाध्यक्ष राजकुमार डगवाल, मुकेश कुमार तेली, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रहलाद राय तेली, किशनलाल डगवाल सहित महासभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खदान की टपरी में 23 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी

## रात में काम के बाद वहीं सोया था अर्जुन, सुबह संदिग्ध हालत में मिला; पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

क्षेत्र के बृजपुरा गांव में रविवार को पत्थर की खदान पर बनी टपरी में 23 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से हड़कंप मच गया। युवक शनिवार रात खदान पर काम करने के बाद इसी टपरी में सोया था। रविवार सुबह उसके संदिग्ध अवस्था में पड़े होने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। युवक के नाक और कान से खून निकलने की बात सामने आने के बाद पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को एंबुलेंस की मदद से बिजौलिया स्थित अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल युवक की मौत के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है।

मृतक की पहचान अर्जुन पिता बाबूलाल नायक, उम्र 23 वर्ष, निवासी श्यामगढ़, मध्यप्रदेश के रूप में हुई है। मृतक के चाचा प्रेमचंद के अनुसार अर्जुन करीब 20 वर्षों से उनके साथ तिलस्वा में रह रहा था। उन्होंने अर्जुन को गोद लिया हुआ था। अर्जुन पत्थर की खदान में कंप्रेसर चलाने का काम करता था। परिजनों के अनुसार अर्जुन शनिवार को दिनभर कंप्रेसर और ट्रैक्टर चलाने का काम करने के बाद शाम को घर आया था। खाना खाने के बाद वह प्रकाशचंद धाकड़ की खदान पर काम करने के लिए चला गया। वहां नींद आने पर वह पत्थरों से बनी कमरेनुमा टपरी में सो गया।

रविवार को अर्जुन के टपरी में संदिग्ध हालत में पड़े होने की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने उसके नाक और कान से खून निकलता देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

एएसआई लक्ष्मण ने बताया कि युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को अस्पताल लेकर आई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

पुलिस के अनुसार फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर ही मौत की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी। पुलिस ने घटनास्थल की परिस्थितियों सहित अन्य पहलुओं की जांच शुरू कर दी है।

# त्रिवेणी से 80 कांवड़िए जल लेकर सवाईपुर पहुंचे

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** माली समाज की ओर से रविवार को त्रिवेणी संगम से कांवड़ यात्रा निकाली गई। 80 कांवड़िए कांवड़ में जल लेकर कस्बे में पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर कांवड़ियों का स्वागत किया।

कांवड़ यात्रा त्रिवेणी संगम से पूजा-अर्चना के बाद रवाना होकर बीगोद, नयागांव, कुड़ी और कोटड़ी चौराहा होते हुए सवाईपुर पहुंची। यात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सवाईपुर में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कोटड़ी महावीर सुवालका ने भी कांवड़ियों का स्वागत कर अल्पाहार कराया।

कांवड़ यात्रा चारभुजानाथ मंदिर पहुंची, जहां सोमवार को त्रिवेणी संगम से लाए गए जल से मंत्रोच्चार के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। यात्रा में महिला-पुरुषों के साथ युवक-युवतियां और बच्चे भी शामिल हुए।



# शाहपुरा में निकाय चुनाव की सरगर्मी तेज, टिकट को लेकर दावेदारों में बढ़ी हलचल

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**(मूलचन्द पेसवानी)** नगर पालिका शाहपुरा के आगामी चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। 11 सितंबर को प्रस्तावित चुनाव में 35 वार्डों के लिए 23,152 मतदाता मतदान करेंगे। इनमें 11,738 महिला और 11,414 पुरुष मतदाता हैं। महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से 324 अधिक है। ऐसे में चुनाव में महिला मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के मतदाता 14.7 प्रतिशत, 26 से 35 वर्ष के 25.4 प्रतिशत, 36 से 50 वर्ष के 29 प्रतिशत, 51 से 59 वर्ष के 13.9 प्रतिशत तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता 17 प्रतिशत हैं। इस लिहाज से युवा और मध्यम आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या भी चुनावी समीकरणों में महत्वपूर्ण रहेगी। स्थानीय स्तर पर सड़क, सफाई, पेयजल, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रमुख मुद्दों में शामिल हैं।

### जिला बनने से नगर परिषद और फिर पालिका बनी

शाहपुरा का निकाय चुनाव राजनीतिक रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि पिछले कुछ वर्षों में यहां निकाय का स्वरूप बदला है। शाहपुरा को जिला बनाए जाने के बाद नगर पालिका को नगर परिषद में क्रमोन्नत किया गया था और अध्यक्ष का पद सभापति में बदल गया। करीब 17 माह बाद जिला समाप्त होने के साथ ही नगर परिषद फिर नगर पालिका में परिवर्तित हो गई। पिछले निकाय चुनाव के बाद विधानसभा चुनाव में लालाराम बैरवा भाजपा विधायक निर्वाचित हुए। पिछले नगर पालिका बोर्ड के कार्यकाल में अध्यक्ष और विधायक के बीच राजनीतिक दूरी की चर्चा भी स्थानीय स्तर पर रही। अब निकाय चुनाव में इन पुराने राजनीतिक समीकरणों का असर कितना दिखाई देता है, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा।


### भाजपा में दावेदारों की सक्रियता बढ़ी

भाजपा ने निकाय चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियां शुरू कर दी हैं। विधायक लालाराम बैरवा की अगुवाई में वार्डवार गतिविधियां तेज हुई हैं और दावेदारों से आवेदन लिए जा रहे हैं। कई वार्डों में एक से अधिक दावेदार सामने आने से टिकट को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। अध्यक्ष पद सामान्य वर्ग के लिए होने के कारण इस पद को लेकर भी राजनीतिक हलचल तेज है। कई संभावित दावेदार अपने-अपने वार्डों में जनसंपर्क और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से सक्रिय नजर आ रहे हैं। हालांकि अंतिम स्थिति पार्टी की ओर से प्रत्याशियों की घोषणा के बाद ही स्पष्ट होगी।

### कांग्रेस में भी बढ़ी गतिविधियां

कांग्रेस ने भी चुनावी तैयारियों को गति देना शुरू कर दिया है। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी रहे नरेंद्र कुमार रेगर और नगर अध्यक्ष रमेश सेन की अगुवाई में बैठकें आयोजित की गई हैं तथा संभावित दावेदारों से आवेदन लिए गए हैं।

पार्टी के भीतर पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस देहात जिला अध्यक्ष रामलाल जाट तथा पूर्व मंत्री धीरज




गुर्जर समर्थक नेताओं की सक्रियता भी स्थानीय राजनीति में चर्चा का विषय है। अध्यक्ष पद सामान्य होने से सामान्य वर्ग के संभावित दावेदारों की सक्रियता भी बढ़ी है।

### जिला बहाली का मुद्दा भी महत्वपूर्ण

शाहपुरा को पुनः जिला बनाने की मांग को लेकर जिला बहाली संघर्ष समिति भी सक्रिय है। समिति की ओर से चुनाव में जिला बहाली के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने की बात कही गई है। ऐसे में समिति समर्थित उम्मीदवारों की मौजूदगी कुछ वार्डों में चुनावी समीकरण प्रभावित कर सकती है।

वहीं एसडीपीआई ने 10 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। प्रमुख दलों से टिकट नहीं मिलने की स्थिति में बागी उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से कुछ वार्डों में मुकाबला बहुकोणीय होने की संभावना है।

### टिकट से पहले ही दावेदारों ने दिखाई सक्रियता

शाहपुरा चुनाव में इस समय सबसे अधिक चर्चा टिकट के दावेदारों को लेकर है। आधिकारिक प्रत्याशी सूची जारी होने से पहले ही कई संभावित उम्मीदवार अपने-अपने वार्डों में जनसंपर्क, बैठक और सोशल मीडिया गतिविधियों के जरिए सक्रिय हो चुके हैं। दावेदारों की यह सक्रियता पार्टी नेतृत्व के सामने अपनी दावेदारी और जनाधार प्रस्तुत करने के प्रयास के रूप में देखी जा रही है। हालांकि टिकट कटने के बाद संबंधित दावेदारों का रुख भी दोनों प्रमुख दलों के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। बागी उम्मीदवारों के मैदान में उतरने की स्थिति में अधिकृत प्रत्याशियों के सामने चुनौती बढ़ सकती है।

### बूथ स्तर की सक्रियता पर भी नजर

चुनाव नजदीक आने के साथ अब राजनीतिक दलों के लिए बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करना भी महत्वपूर्ण होगा। वार्ड स्तर पर दावेदारों की सक्रियता के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका चुनावी परिणामों में अहम रहने वाली है। कार्यकर्ताओं की राय, स्थानीय समीकरण और प्रत्याशी चयन के बीच संतुलन बनाना दोनों प्रमुख दलों के सामने चुनौती रहेगी।

### मुद्दों पर रहेगा मतदाताओं का ध्यान

शाहपुरा के मतदाताओं के बीच शहर की बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दे चुनाव में प्रभावी रह सकते हैं। सड़क, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, सफाई और अन्य विकास कार्य स्थानीय चर्चाओं में प्रमुखता से शामिल हैं। फिलहाल 35 वार्डों में दावेदारों की सक्रियता बढ़ गई है, लेकिन अंतिम तस्वीर प्रत्याशियों की आधिकारिक घोषणा के बाद ही सामने आएगी। टिकट वितरण, बागी उम्मीदवारों की स्थिति, स्थानीय समीकरण और मतदाताओं के मुद्दे इस चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक रहेंगे।



QUICK BITES

## गाजे-बाजे के साथ निकली तेली समाज की भव्य कांवड़ यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



सावन के पवित्र माह में रविवार को समस्त तेली समाज की ओर से भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। हरिद्वार से लाए गए पवित्र गंगाजल को कांवड़ में लेकर सैकड़ों समाजजन भगवान शिव की भक्ति में सराबोर होकर यात्रा में शामिल हुए। गाजे-बाजे और धार्मिक जयघोष के बीच निकली कांवड़ यात्रा से शहर का माहौल शिवमय हो गया।

यात्रा की शुरुआत तेलीपाड़ा स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद हुई। कांवड़िए डीजे और ढोल की धुन पर नाचते-गाते तथा भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा में महिलाओं, बच्चों और पुरुषों सहित समाज के सैकड़ों लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

कांवड़ यात्रा पुरानी धानमंडी, बड़ा मंदिर, सराफा बाजार, महाराणा टॉकीज, मंगला चौक, श्रीजी गेस्ट हाउस, रामस्नेही हॉस्पिटल, नेहरू रोड और सांगानेरी गेट होते हुए तिलक नगर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने कांवड़ियों का स्वागत किया। पूरे यात्रा मार्ग पर धार्मिक उत्साह और भक्ति का वातावरण नजर आया।

तिलक नगर स्थित तेली समाज नोहरा के सामने श्री शिव मंदिर पहुंचकर कांवड़ यात्रा का समापन हुआ। यहां कांवड़ियों ने हरिद्वार से लाए पवित्र गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक किया। समाज की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की गई।

जलाभिषेक के बाद तेली समाज के नोहरे में स्नेहभोज का आयोजन किया गया। इसमें समाज के सैकड़ों लोगों ने एक साथ भोजन प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन ने धार्मिक आस्था के साथ समाज की एकजुटता और भाईचारे का भी संदेश दिया।

कांवड़ यात्रा में राजकुमार डगवाल, पूरणमल तेली, गोपाललाल दिया, शिवलाल गेरोटिया, हीरालाल तेली, नानूराम मांदरिया, देवराज तेली, कुशल साहू, मुकेश तेली, प्यारे लाल अगवाल, कालूलाल सोनावा, श्यामलाल बाथरा, रमेश कसोदणिया, राजू साकुंणिया, कमलेश मांदरिया, राकेश पचलोड़िया, शंभूलाल कसोदणिया, मोडीराम सोनावा, किशन आसरवा, रतन गुटकणिया, राजू आसरवा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## त्रिवेणी संगम से आकोला तक निकली डाक कावड़ यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।



**(जसवंत पारीक)** कस्बे के शिव भक्तों की ओर से रविवार को त्रिवेणी संगम से आकोला स्थित रघुनाथद्वारा मंदिर तक डाक कावड़ यात्रा निकाली गई। यात्रा में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। डाक कावड़ यात्रा समिति के सदस्य सुरेश गोस्वामी ने बताया कि सुबह 9:15 बजे त्रिवेणी महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद यात्रा रवाना हुई। यात्रा बीगोद, नयागांव, बोहरी माता चौराहा, सोपुरिया, कुड़ी, सवाईपुर और खजीना होते हुए आकोला पहुंची।

आकोला पहुंचने पर ग्रामीणों ने डाक कावड़ यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद रघुनाथद्वारा मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। महाआरती के बाद भगवान शिव को प्रसाद का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

यात्रा में देव कुमार उपाध्याय, नारायण आचार्य, प्रकाश भाट, अंकित तिवाड़ी, मुकेश भाट, मनोज तिवाड़ी, धनराज उपाध्याय, राजेश तेली, भानु पारीक, घनश्याम तेली, सूरज भाट, अंकित सेन, सूरज बांगड़, लोकेश दरोगा, शंकर तेली, अनिल खटीक, किशन भाट, दीपक उपाध्याय, आशुतोष तिवाड़ी, राम शर्मा, किशन शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शिव भक्त शामिल हुए।






# क्षत्राणी संगम एवं क्षत्राणी गौरव सम्मान समारोह आयोजित





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

श्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में भीलवाड़ा शहर में क्षत्राणी संगम एवं क्षत्राणी गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समाज की प्रतिभाशाली एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि उड़ीसा के जसपुर से कुंवर विक्रमादित्य सिंह एवं कुंवारानी जया जुदेव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भंवर बाईसा ने की। वहीं विशेष अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आरती कोगटा, साधना मेला, उषा अग्रवाल एवं महिला थाना प्रभारी मेघना त्रिपाठी मौजूद रहीं।

श्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की अध्यक्ष माया राठौड़ ने बताया कि समारोह का मुख्य उद्देश्य समाज के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को मंच प्रदान करना, उन्हें सम्मानित करना तथा समाज की अन्य महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इनमें मिस सावन सुरंगों का खिताब सुनिधी बाईसा, मिसेज सावन सुरंगों रजनी जादौन, क्यूट बाईसा लक्षिता राठौड़, बेस्ट पोशाक जिया सिंह, बेस्ट डांसर एवं घूमर क्वीन तेजस्विनी बाईसा तथा मृगनयनी का खिताब कविता आमेरा ने हासिल किया।

प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका प्रिंसिपल, फिल्म अभिनेत्री एवं एंकर डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर, चेतना राठौड़ एवं धन कंवर ने निभाई। कार्यक्रम में दुर्गा बाईसा, मीनाक्षी कंवर, गीता राठौड़, सुप्रिया चुंडावत सहित बड़ी संख्या में क्षत्राणियां एवं महिलाएं उपस्थित रहीं।

# युवा कलाकार दीपिका पाराशर की कला ने छुआ राष्ट्रीय मंच, 'नेचर'स रिफ्लेक्शंस' प्रदर्शनी के लिए चयनित

## भीलवाड़ा की युवा कलाकार दीपिका पाराशर की प्रतिभा को राष्ट्रीय पहचान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भीलवाड़ा की युवा कलाकार दीपिका पाराशर की कलाकृति 'नेचर'स रिफ्लेक्शंस' का चयन प्रतिष्ठित द्वितीय राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी-2026 के लिए हुआ है। पांडिचेरी आर्ट अकादमी की ओर से आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की कला प्रतियोगिता में देशभर से प्राप्त प्रविष्टियों में दीपिका की कृति ने अपनी अलग पहचान बनाई है। चयनित कृति को 6 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रदर्शनी में कला प्रेमियों के अवलोकन के लिए प्रदर्शित किया जाएगा।

### प्रकृति की खूबसूरती को रेखाओं में उतारा

दीपिका पाराशर ने कलम एवं स्याही माध्यम से तैयार अपनी कृति 'नेचर'स रिफ्लेक्शंस' में प्रकृति के सौंदर्य और उसके मनमोहक प्रतिबिंबों को बेहद संवेदनशील एवं कलात्मक अंदाज में उकेरा है। बारीक रेखांकन, प्रकाश और छाया का प्रभाव, सूक्ष्म विवरण तथा प्रकृति के प्रति गहरी संवेदनशीलता इस चित्र को खास बनाती है। सीमित रंग-माध्यम के बावजूद दीपिका ने अपनी कलात्मक कल्पना और तकनीकी दक्षता के माध्यम से कृति में गहराई, संतुलन और जीवंतता का प्रभावशाली संयोजन प्रस्तुत किया है।

### राष्ट्रीय चयन बना उपलब्धि का प्रमाण





देशभर से आई प्रविष्टियों में 'नेचर'स रिफ्लेक्शंस' का चयन भीलवाड़ा की युवा कलाकार दीपिका पाराशर की रचनात्मक प्रतिभा, मौलिक सोच और उत्कृष्ट कलाकौशल का प्रमाण है। राष्ट्रीय प्रदर्शनी में उनकी कृति का प्रदर्शन उनकी कला यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

दीपिका पाराशर की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार और शुभचिंतकों में खुशी है, बल्कि भीलवाड़ा के कला जगत में भी उत्साह और गौरव का माहौल है। शहर के कला प्रेमियों ने युवा कलाकार को इस राष्ट्रीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कलात्मक भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# देवली से 90 किलोमीटर की पदयात्रा कर 27वीं बार कोटड़ी श्याम दरबार पहुंचे श्रद्धालु

## रविवार को कोटड़ी पहुंची पदयात्रा, धर्मध्वजा फहराकर लिया आशीर्वाद, जयकारों से गूंजा कस्बा

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।

राजेन्द्र बबलू पोखरना

देवली से कोटड़ी श्याम मंदिर तक निकाली जाने वाली 90 किलोमीटर लंबी पदयात्रा रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ कोटड़ी पहुंची। पदयात्रा का यह लगातार 27वां आयोजन रहा। पदयात्रियों के कोटड़ी पहुंचने पर कस्बे में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। पदयात्रियों के स्वागत और भगवान श्याम के जयकारों से पूरा कस्बा भक्तिमय नजर आया।पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिला-पुरुष श्रद्धालु हाथों में धर्मध्वजा लेकर भजन-कीर्तन करते नाचते गाते कोटड़ी के मुख्य मार्ग से होते हुए प्रभु के दर की ओर बढ़े। यात्रा के दौरान ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर श्रद्धालु भाव विभोर हो भक्ति गीतों पर नृत्य करने का आनन्द ले रहे थे। कई स्थानों पर ग्रामीणों एवं भक्तों ने पदयात्रियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए जलपान, चाय-नाश्ते और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई।





### भजनों पर झूमते हुए किया नगर में प्रवेश

90 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करने के बावजूद श्रद्धालुओं में उत्साह कम नहीं हुआ। जैसे ही पदयात्रा कोटड़ी की सीमा में पहुंची, श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य करते हुए नगर में प्रवेश किया। हाथों में लहराती धर्मध्वजाएं और कोटड़ी श्याम बाबा के जयकारों ने माहौल को धार्मिक रंग में रंग दिया। रास्ते में मौजूद लोगों ने भी पदयात्रियों का उत्साह बढ़ाया।

### श्याम मंदिर में फहराई धर्मध्वजा

पदयात्रियों के कोटड़ी पहुंचने के बाद सभी श्रद्धालु श्याम मंदिर पहुंचे। यहां विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान कोटड़ी श्याम के दर्शन कर सुख-समृद्धि, खुशहाली और क्षेत्र में शांति की कामना की। इसके बाद मंदिर परिसर में धर्मध्वजा फहराई गई। धर्मध्वजा फहराते ही श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए और पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया।

### 27 वर्षों से जारी है पदयात्रा की परंपरा

आयोजक रामेश्वर लाल, राजेन्द्र, रामू दिया ने बताया कि देवली से कोटड़ी श्याम दरबार तक पदयात्रा की यह धार्मिक परंपरा पिछले 27 वर्षों से लगातार जारी है। हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल होकर भगवान श्याम के दरबार में पहुंचते हैं। पदयात्रा श्रद्धालुओं के लिए आस्था और संकल्प का प्रतीक बन चुकी है। कई श्रद्धालु हर वर्ष इस यात्रा में शामिल होते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर भगवान श्याम के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। इस दौरान जिस मार्ग से यात्रा गुजरती है श्रद्धालुओ का जत्था बढ़ता जाता है। यात्रा में रामप्रसाद टांक, दुर्गेश शर्मा, अशोक शर्मा, गोपाल सिंह कानावत ने भी पदयात्रा के साथ मन्दिर पहुचे।

### भक्तिमय रहा पूरा वातावरण

बीरधोल मार्ग स्थित कृषि मण्डी पर यात्रा की बेंड व ढोल के साथ श्री चारभुजानाथ मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुन्दर चेचाणी, कोषाध्यक्ष चम्पा लाल तेली के साथ मुरलीधर काबरा, निर्मल लोढ़ा, सत्यनारायण काबरा, ओम पालीवाल, राजेन्द्र काबरा, ओम टेलर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुच कर अगुवानी की गई। कोटड़ी पदयात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भजन-कीर्तन और जयकारों की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालु 'श्याम बाबा की जय ', 'कोटड़ी श्याम की जय' के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। यात्रा के कोटड़ी पहुंचने पर कस्बे में भी दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा। जगह-जगह लोगों ने पदयात्रियों का स्वागत किया।पदयात्रा के समापन के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान कोटड़ी श्याम के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने यात्रा को सफल बनाने में सहयोग करने वाले ग्रामीणों, श्रद्धालुओं, सेवा समितियों और स्थानीय लोगों का आभार जताया। श्रद्धालुओं ने कहा कि भगवान श्याम की भक्ति और आस्था के कारण इतनी लंबी पदयात्रा पूरी करने में उन्हें आत्मिक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने आगामी वर्ष भी पदयात्रा की परंपरा को जारी रखने का संकल्प लिया।

# निकाय चुनावों को लेकर भाजपा की बैठक स्थानीय दावेदारों को प्राथमिकता पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




**पुनीत चपलोत।** भीलवाड़ा नगर निगम सहित जिले की 10 नगर पालिकाओं में प्रस्तावित निकाय चुनावों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर रविवार को संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक अजमेर संभाग चुनाव प्रभारी एवं राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में सांसद दामोदर अग्रवाल, संभाग चुनाव सह प्रभारी लालचंद कटारिया, जिला संगठन प्रभारी संजय जैन, सह प्रभारी मिट्ठूलाल जाट, विधायक गोपीचंद मीणा, लालाराम बैरवा, पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी, पूर्व महापौर राकेश पाठक तथा नगर निगम प्रभारी वीरमदेव जैसास सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में निकाय चुनाव की तैयारियों और अब तक की संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई। चुनाव प्रभारी अरुण चतुर्वेदी ने वार्ड स्तर पर संभावित प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया को लेकर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित वार्ड के स्थानीय निवासी कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। वहीं, आरक्षित वार्डों में निर्धारित श्रेणी के दावेदारों के नामों पर विचार किया जाएगा। महिला आरक्षित वार्डों में स्थानीय महिला कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने की बात भी कही गई।

चुनावी तैयारियों के तहत वार्ड प्रभारियों, संयोजकों और समन्वयकों को संबंधित वार्डों में संपर्क कर संभावित दावेदारों से आवेदन प्राप्त करने तथा रायशुमारी के आधार पर पैनल तैयार कर जिला संगठन को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने जिले की विभिन्न नगर पालिका क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे कार्यकर्ता सम्मेलनों की जानकारी बैठक में दी। उन्होंने बताया कि रविवार को बिजौलिया नगर पालिका क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। इसके अलावा गुलाबपुरा, बनेड़ा, बिगोद, हमीरगढ़ और मांडलगढ़ नगरपालिका क्षेत्रों में भी संगठनात्मक सम्मेलन आयोजित किए गए हैं।

# कोशीथल में 'सिंह गर्जना' खेल कार्यक्रम, 225 स्वयंसेवकों ने लिया भाग






भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।

स्वयंसेवक संघ गंगापुर खंड की ओर से रविवार को कोशीथल स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में युवा केंद्रित खेल कार्यक्रम 'सिंह गर्जना' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 225 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत संघ स्थान पर स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण के साथ हुई। इस दौरान विभाग सह कार्यवाह श्रवणलाल एवं विभाग महाविद्यालय विद्यार्थी कार्य प्रमुख मनीष जैन ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विचार रखे।

कार्यक्रम के तहत प्रतिभागियों के लिए विभिन्न चुनौतीपूर्ण बाधा मार्ग तैयार किए गए। युवाओं ने दलदल मार्ग, बारूद मार्ग, चंबल का बीहड़, हल्दीघाटी मार्ग, सियाचिन घाटी, गरुड़ मार्ग, आग का दरिया और चक्र बाधा सहित विभिन्न बाधाओं को पार किया।

इसके बाद दो मंडलों के बीच शारीरिक स्पर्धाएं आयोजित हुईं। इनमें टैंक युद्ध, चरण स्पर्श, ग्रीवा युद्ध और धरती पुत्र मटकी फोड़ जैसी प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। प्रतिभागियों ने इन स्पर्धाओं में शारीरिक दक्षता और टीम भावना का प्रदर्शन किया।

युवा आधारित कार्यक्रम के खंड संयोजक राहुल शर्मा एवं भगवान सिंह तथा खंड कार्यवाह मुकेश सालवी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, शारीरिक दक्षता, टीम भावना और राष्ट्र सेवा की भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए दमकल वाहन एवं एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर संघ के ग्रामीण जिला कार्यवाह, जिला टोली, खंड एवं उपखंड स्तर के कार्यकर्ता तथा समाज के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# बिजोलिया में भाजपा नगरपालिका कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित, संगठन की मजबूती और बूथ स्तर पर सक्रियता को लेकर हुई चर्चा






भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**मानव तिवाड़ी।** आगामी नगर पालिका चुनावों के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी की ओर से बिजोलिया में नगरपालिका कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में संगठनात्मक गतिविधियों, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने की। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की गतिविधियों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित करने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने संगठनात्मक विषयों पर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा रहे। उन्होंने संगठन की कार्यप्रणाली और कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में जिला सह प्रभारी मिट्ठूलाल जाट, पूर्व विधायक बद्री प्रसाद गुरुजी, जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल पालक कल्पेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सम्मेलन के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

# सवाईपुर क्षेत्र में दो सड़क हादसे, महिला सहित दो घायल

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में महिला सहित दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाओं की जानकारी ली।

कोटड़ी थाना एएसआई रणजीत सिंह ने बताया कि शनिवार रात कोटड़ी-सवाईपुर मार्ग पर ढोकलिया चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे कोटड़ी चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। पुलिस घायल युवक के परिजनों की जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है।

वहीं, नेशनल हाईवे-758 पर बनकाखेड़ा और चावंडिया के बीच पेट्रोल पंप के पास देर रात बाइक की गाय से टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार महिला कविता पत्नी महावीर शर्मा, निवासी भीलवाड़ा, घायल हो गई। उसके पैर में फ्रैक्चर हुआ है। वहीं, उसके पति महावीर शर्मा को भी हल्की चोटें आईं।



## QUICK BITES

### सलावटिया व्यापार मंडल की तिलस्वां महादेव पैदल यात्रा कल

**अच्छी वर्षा और खुशहाली की कामना को लेकर निकलेगी यात्रा**

भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया।

**विकास जैन ।** कस्बे के व्यापार मंडल के तत्वावधान में सावन माह के अवसर पर अच्छी वर्षा और क्षेत्र में खुशहाली की कामना को लेकर 25 अगस्त को तिलस्वां महादेव की पैदल यात्रा निकाली जाएगी।

व्यापार मंडल के रमेशचंद रेगर ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी व्यापार मंडल के सदस्य अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर सामूहिक रूप से पैदल यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा मंगलवार सुबह 8 बजे डीजे के साथ तिलस्वां महादेव के लिए रवाना होगी।

तिलस्वां महादेव पहुंचने के बाद भगवान भोलेनाथ का अभिषेक एवं हवन किया जाएगा। इसके बाद सामूहिक भोजन प्रसादी का आयोजन होगा। आयोजन के तहत कैदियों को भी भोजन कराया जाएगा।

व्यापार मंडल की ओर से यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन में व्यापार मंडल के सदस्यों सहित ग्रामीणों के शामिल होने की संभावना है।

### ब्लॉक स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन

**33 टीमों ने लिया हिस्सा, विजेता प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत**

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**शुभम जैन।** 14 छात्र-छात्रा वर्ग की 70वीं ब्लॉक स्तरीय खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बेरीसाल में हुआ। प्रतियोगिता में ब्लॉक क्षेत्र की विभिन्न टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में कुल 33 टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैयालाल धाकड़ विशिष्ट अतिथि तथा पूर्व प्रधान आशा भील मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

प्रतियोगिता के तहत कबड्डी में मांका खेड़ा विजेता तथा उपविजेता टीम रही। खो-खो में नयानगर विजेता और बड़ोदिया उपविजेता रहा। वहीं वॉलीबॉल में एबीएस पब्लिक स्कूल बिजोलिया विजेता तथा तिलस्वां की टीम उपविजेता रही। समापन अवसर पर अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता छात्र-छात्राओं को पारितोषिक, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच राजेश धाकड़, मोहनलाल धाकड़, मांगीलाल धाकड़, दिनेश धाकड़, गोपाल धाकड़, रणजीत सिंह कानावत, मुकेश खटीक, प्रधानाचार्य संजीव यादव, शारीरिक शिक्षक कैलाश मेघवाल, तकनीकी सलाहकार सौरभ हुसैन सहित ग्रामीण, छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

### बड़लियास में सातवें हरिबोल प्रभात फेरी सम्मेलन का आयोजन आज

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास ।



कस्बे में सातवें हरिबोल प्रभात फेरी सम्मेलन का आयोजन आज किया जाएगा। धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामवासियों और श्रद्धालुओं में उत्साह है। आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम श्री 1008 श्री बगीची के बालाजी महाराज की अनुकंपा तथा ग्रामवासियों एवं धर्मप्रेमियों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे प्रभात फेरी के स्वागत एवं जलपान के साथ होगी। इसके बाद सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। दोपहर 2 बजे धर्मसभा आयोजित होगी, जबकि दोपहर 3 बजे महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

आयोजन बगीची के बालाजी मंदिर प्रांगण में होगा। आयोजन समिति ने बाहरी मंडलों से अपने साथ ध्वज एवं बैनर लाने का आग्रह किया है। धर्मसभा के बाद प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।

### भारतीय किसान संघ ने किया वन भ्रमण

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर




**(सांवर वैष्णव)।** भारतीय किसान संघ की ओर से रविवार को सवाईपुर, मांडलगढ़ तहसील और बड़लियास उपतहसील क्षेत्र के सदस्यों का एकदिवसीय वन भ्रमण मांडलगढ़ क्षेत्र के गुप्तेश्वर महादेव में आयोजित हुआ।

इस दौरान सदस्यों ने गुप्तेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। वन क्षेत्र का भ्रमण कर प्राचीन स्थलों, प्राकृतिक झरनों और पेड़-पौधों की जानकारी साझा की गई।

प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट ने बताया कि बैठक में ग्राम समितियों के गठन और किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक भोज भी आयोजित किया गया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।